भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3755
दिनांक 11.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

परिवार को मुआवजा

3755. श्री के. सुधाकरन:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सूडान में संघर्ष में मारे गए स्वर्गीय अल्बर्ट ऑजेस्टीन के परिवार को मुआवजा देने की इच्छुक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) यमन में वर्ष 2014 के गृहयुद्ध के बाद से कितने भारतीयों के मारे जाने की सूचना है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा उनके परिवार को कोई मुआवजा दिया गया था और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद, भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी के तहत स्वर्गीय श्री ऑजेस्टीन के परिवार के सदस्यों को सूडान से सुरक्षित निकालकर केरल में स्थित उनके गृह नगर पहुंचाया। भारी गोलीबारी, विफल प्रशासन और अवसंरचना के बावजूद, सूडान में हमारे राजदूतावास ने सभी औपचारिकताएं पूरी की और स्वर्गीय श्री ऑजेस्टीन के पार्थिव अवशेषों को सफलतापूर्वक सूडान से केरल वापस लाए। सूडान स्थित राजूदतावास परिवार के सदस्यों को सेवा संबंधी लाभों को शीघ्र जारी करने के लिए उस कंपनी से संपर्क बनाए हुए हैं, जहां स्वर्गीय श्री ऑजेस्टीन काम करते थे।

(ग) और (घ) यमन में गृह युद्ध की शुरुआत से सात भारतीयों के मारे जाने की रिपोर्ट है।

****